
## Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# भारत के इतिहास में महत्वपूर्ण आर्थिक सुधारः बंशीधर भगत

**स्वागत**

पीएम द्वारा ईमानदार कर दाता का सम्मान व पारदर्शी कर प्रणाली के लिए लॉंच किए गए प्लेटफार्म का स्वागत

■प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में बड़े बड़े सुधार हो रहे हैं

**संवाददाता**

देहरादून।। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक बंशीधर भगत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज ईमानदार कर दाता का सम्मान व पारदर्शी कर प्रणाली के लिए लॉंच किए गए प्लेटफार्म का स्वागत करते हुए इसे स्वतंत्र भारत के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार बताया। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि अब नई व्यवस्था में फेस लेस अस्सेसमेंट व फेस लेस अपील का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'ईमानदार करदाता के सम्मान व पारदर्शी कर प्रणाली 'को लेकर प्रारम्भ किए गए प्लेटफार्म पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि यह सोच ईमानदार नेतृत्व की है जो ईमानदारी से देश को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयत्न शील है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में बड़े बड़े सुधार हो रहे हैं और इससे देश का माहौल भी तेजी से बदल रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व भारत 'ईज ओफ डुईंग बिजनेस' में विश्व में 139 वें स्थान पर था आज यह 63 वें स्थान पर है।

भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री मानते हैं कि देश का ईमानदार टैक्सपेयर राष्ट्र निर्माण में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। जब देश के ईमानदार टैक्सपेयर का जीवन आसा बनता है, वो आगे बढ़ता है, तो देश का भी विकास होता है, देश भी आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि इसी बात को ध्यान में रखते हुए अब टैक्सपेयर को उचित, विनम्र और तर्कसंगत व्यवहार का भरोसा दिया गया है। उन्होंने कहा कि यानि आयकर विभाग को अब टैक्सपेयर सम्मान का, संवेदनशीलता के साथ ध्यान रखना होगा।

अब टैक्सपेयर की बात पर विश्वास करना होगा, डिपार्टमेंट उसको बिना किसी आधार के ही शक की नजर से नहीं देख सकता है। उन्होंने कहा कि अब नई व्यवस्था में 'फेस लेस अस्सेसमेंट व फेस लेस अपील' का प्रावधान किया गया है। साथ ही करदाता चार्टर तैयार हुआ है। ये सारी व्यवस्थाएं तत्काल लागू कर दी गई हैं।

## प्रधानमंत्री ने टैक्स सिस्टम में बड़ी पहल की हैः सीएम



**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लॉन्च किए गए 'पारदर्शी कराधान–ईमानदार का सम्मान' प्लेटफार्म ईमानदार करदाता का सम्मान सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने टैक्स सिस्टम में बड़ी पहल की है। इससे करदाता देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होंगे। इस पारदर्शी कराधान व्यवस्था में फेसलेस असेसमेंट, फेसलेस अपील, टैक्सपेयर्स चार्टर रिफॉर्म्स शामिल हैं। नई व्यवस्था में उचित, विनम्र और तर्कसंगत व्यवहार का भरोसा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने ईमानदार करदाता के सम्मान में इस पारदर्शी प्लेटफार्म को लॉन्च करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## न्यूज डायरी

### छात्रों को अंक तालिकाओं का इंतजार

**संवाददाता** रुड़की। उत्तराखंड बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित हुए तीन सप्ताह का समय बीत गया, लेकिन अभी तक अंकतालिका विद्यालयों में नहीं भेजी गई हैं। उधर, महाविद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऐसे में अब छात्र परेशान हैं। इस बार कोरोना संक्रमण के चलते उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम 29 जुलाई को घोषित किया। तीन सप्ताह के बीतने बाद भी जिले के हाईस्कूल एवं इंटर कॉलेज में बोर्ड की अंक तालिका नहीं पहुंची हैं। छात्र आए दिन कालेजों के चक्कर काट रहे हैं। यहां से उनको एक ही जवाब मिल रहा है कि अभी अंक तालिका नहीं आई है। वहीं महाविद्यालयों ने अब नेट से प्रोविजनल अंक तालिका के आधार पर प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। छात्रों से कहा है कि अंक तालिका के आने के बाद उनको उसकी प्रमाणित छाया प्रति को जमा कराना होगा।

### एसपिरेशनल भारत ने स्मार्टफोन्स पर कार्य उत्पादकता में 120 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की

**संवाददाता** देहरादून। साइबर मीडिया रिसर्च (सीएमआर) द्वारा टेक्नो मोबाइल के साथ मिलकर कराए गए एक नए मोबाइल इंडस्ट्री कंज्यूमर इनसाइट्स (एमआईसीआई) सर्वे, ने पहली बार एसपिरेशनल भारत में बदलते उपभोक्ता व्यवहार और स्मार्टफोन के उपयोग के पैटर्न की व्यापक समझ प्रदान की है। सीएमआर एमआईसीआई सर्वेक्षण में पता चला कि एसपिरेशनल भारत के उपभोक्ताओं ने कोविड से पहले के स्तरों की तुलना में उत्पादकता के लिए स्मार्टफोन उपयोग में 120 फीसदी की बढ़ोतरी देखी। इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप, सीएमआर, के हेड प्रभु राम के अनुसार, "स्मार्टफोन टियर– ए से परे शहरों और कस्बों में रहने वाले उपभोक्ताओं के लिए एक प्रमुख दैनिक प्रेरक है।

### अमेजन 4 तकनीकी उपकरणों की मदद से अपने एसोसिएट्स की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन इंडिया ने 6 और 7 अगस्त, 2020 को अपने 2–दिवसीय शॉपिंग इवेंट–प्राइम डे का आयोजन किया, जो देश भर के अमेजन सदस्यों के लिए था। इस आयोजन ने अमेजन इंडिया के ऑपरेशन नेटवर्क में सामान्य दिनों के मुकाबले अधिक व्यस्तता बनाये रखी। वैश्विएक महामारी के शुरुआती दिनों से ही, अमेजन इंडिया अपने एसोसिएट्स, ग्राहकों और पार्टनरों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए अमेजन ने स्थानीय अधिकारियों और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ)के मार्गदर्शन के अनुसार, अपने फुलफिलमेंट सेंटर, सॉर्टेशन सेंटर और डिलिवरी स्टेशनों में प्रोसेस संबंधी लगभग 100 परिवर्तन किये हैं। यहां कंपनी द्वारा किये गये कई तकनीकी प्रयासों में से 4 के बारे में बताया गया है।

## भारतीय नारियों के साहस और समर्पण को नमनः स्वामी चिदानन्द

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज ने आज अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि अहिल्याबाई ने कन्याकुमारी से हिमालय तक और द्वारिका से लेकर पुरी तक अनेक मंदिर, घाट, तालाब, बावड़ियाँ, धर्मशालाएं, कुएं, भोजनालय, आदि बनवाये थे। उन्होंने काशी का प्रसिद्ध विश्वनाथ और अन्य स्थानों पर प्रसिद्ध मंदिर एवं घाट का निर्माण और जीर्णोद्धार करवाया था, यह सब उनकी सेवा और धर्मपरायणता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनके द्वारा करवाया गया निर्माण कार्य स्थापत्य कला का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता हैं। आज उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें और उनके कार्यो को नमन।

अहिल्ला बाई ने मालवा का राजपाठ सम्भाला और सम्पूर्ण भारत को नारी की शक्ति से परिचय करवाया। उन्होंने नारियों की सेना बनाई और स्वयं उस सेना का नेतृत्व भी किया तथा पेशवा के सामने अपने राज्य की ढ़ाल बनकर खड़ी रही।

*अहिल्याबाई वास्तव में न्याय और धर्म की प्रतिमूर्ति थीं। हिन्दुस्तान के इतिहास में यह एक बड़ा अद्भुत समय था जब राज्य कार्य की धुरी एक उपासना परायण, धर्मनिष्ठ नारी के हाथ में सौंपी गयी थी।*
–स्वामी चिदानन्द सरस्वती, परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष।

स्वामी जी ने कहा कि अहिल्या बाई भारत की वीरांगनाओं में से एक थी। उनके साहसिक कार्यो और धर्मनिष्ठा के लिये उन्हे हमेशा याद किया जायेगा। भारत की नारिया हमेशा से ही साहस और समर्पण की प्रतिमूर्ति रही है और आज भी है, जरूरत है तो उन्हें सम्मान देने की।

## सरकारी राशन विक्रेताओं की मनमानी के विरोध में ज्ञापन

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कार्यवाही करने की मांग की

**संवाददाता** देहरादून। चकराता क्षेत्र में सरकारी राशन विक्रेताओं की मनमानी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस दिशा में कार्यवाही करने की मांग की है।

गुरूवार को संजय तोमर जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा देहरादून के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला पूर्ति अधिकरी देहरादून को ज्ञापन दिया गया जिसमें चकराता क्षेत्र के राशन डीलरो द्वारा स्थानिये ग्रामीणों को उचित रूप से राशन वितरण नही किया जा रहा है एवं राशन डीलरों द्वारा चकराता छेत्र के ग्रामीणों का राशन कार्ड भी समय पर अपडेट नहीं कराये गए हैं। इस अवसर पर ज्ञापन में कहा गया है कि जिस कारण क्षेत्र में ग्रामीणों को समय पर राशन नही मिल पा रहा है, भारी बरसात होने के कारण क्षेत्रवासी शहर की तरफ आने में असमर्थ हो रहे हैं। समस्त चकराता क्षेत्र के राशन डीलरों का भौतिक सत्यापन किया जाए व दोषी डीलरों के खिलाफ उनका लाइसेंस निरस्त कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस विषय को लेकर आज जिला पूर्ति अधिकारी देहरादून को ज्ञापन दिया गया।

इस अवसर पर ज्ञापन में कहा गया कि इस दिशा में ठोस पहल करने व दोषियों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मासूम को गोद में उठाये पिता कर रहा है फरियाद

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। राज्य के स्वास्थ केंन्दों में स्वास्थ सेवायें दम तोड़नें लगी है। वही राज्य के जाने माने अस्पताल सुशीला तिवारी में गरीब आदमी को इलाज भी नही नसीब हो पा रहा है। बता दें कि जिले के अस्पतालों से मरीज को बाहर रेंफर करने के बाद भी जाने माने अस्पतालों में काफी धन खर्च करने के बाद भी बेहतर इलाज न मिल पाना वास्तविक तौर पर प्रतिष्ठा दांव पर लगाने जैसा साबित हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक सीमांत जिला मुख्यालय से लगे गांव फगाली पिथौरागढ़ की पांच साल की बच्ची को कुछ दिन जिला

**पांच साल की बच्ची को नही हो पा रहा है इलाज नसीब**

मुख्यालय में भर्ती करने के बाद हालत बेहद नाजुक देखते हुए जिले के डाक्टरों की टीम ने हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में रेंफर कर दिया। हल्द्वानी में कैंसर की उच्च सुविधाओं हेतु करोड़ों रुपये की मशीनें खरीद कर लगाने के बाद भी यहां मशीने महज शो पीस ही बनकर रह गई है।

अपनी पांच साल की बेटी को गोद में लिये बेबस पिता लाखों खर्च करने के बाद भी बच्चे के इलाज के लिए दर दर की ठोकरें खानें को मजबूर हो रहा है। आलम यह है कि अपनी बच्ची के इलाज में सारा धन खर्च करने के बाद बच्ची के पिता की जेब खाली हो चुकी है। बच्ची के पिता को डाक्टरों द्वारा ज्यादा खर्च आने की बात कहकर उसे अपनी बच्ची को इलाज के लिए एम्स में ले जाने की बात कर रहे है। अब अपनी बच्ची को गोद में पकड़कर बच्ची के पिता द्वारा हल्द्वानी पहुंचकर मदद की गुहार लगा रहे है। पिछले पांच दिन से बच्ची व बच्ची के पिता भूख से तड़पने के साथ लोगों से मदद की गुहार लगा रहे है।

वही बच्ची के पिता ने सामाजिक संगठनों से मदद की गुहार लगाते हुए बच्ची के लिए कदम आगे बढ़ाने की मांग करते हुए उनकी बच्ची की जिंदगी बचाने के लिए आगे आने की मांग की है।

**बेबस पिता की बेबसी**



बेबस पिता गोद में लिये बच्चे के इलाज के लिए दर दर की ठोकरें खानें को मजबूर।